आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 200 पंचायत नेता विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वर्ष के विशेष अतिथियों में बड़ी संख्या में महिला पंचायत नेता शामिल हैं, जिन्होंने अपनी ग्राम पंचायतों में बेहतर बुनियादी ढाँचा, बेहतर सार्वजनिक सेवाएँ और समावेशी सामुदायिक पहल जैसे उल्लेखनीय सुधार किए हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि इन विशेष अतिथियों ने हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण और मिशन इंद्रधनुष जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं को मूर्त रूप देने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मंत्रालय ने कहा कि इन विशेष अतिथियों के लिए कल नई दिल्ली में एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, एआई संचालित सभासार एप्लिकेशन लॉन्च की जायेगी।

0000

जोधपुर में कल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एट होम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मेहरानगढ किले में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक उद्यान में सांस्कृतिक संध्या में शामिल होंगे। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद वे बरकतुल्ला खान स्टेडियम में राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में तिरंगा फहरायेंगे और मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। समारोह की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये है।

00000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज अपने आवास पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है, जो पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को और मज़बूत करता है। इस बीच प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। श्रीगंगानगर में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। सवाईमाधोपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से गीता देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इसके बाद छात्राओं ने रैली निकाली। हनुमानगढ में साईकिल रैली का आयोजन किया गया। झुंझुनूं में जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने एक निजी संस्था की ओर से उपलब्ध कराये गये तिरंगों का वितरण किया। कोटा और डूंगरपुर और जैसलमेर में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गई।

0000

दौसा मनोहरपुर हाइवे पर बासडी चौराहे के पास आज तडके एक सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में 11 अन्य घायल हो गए। इनमे से 8 गंभीर घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है। हादसे में 10 लोगों ने मौके पर ही दम तोडा जबकि एक महिला की जयपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हुई। मृतकों में 7 बच्चे और चार महिलाएं शामिल है। ये दुर्घटना एक पिकअप के ट्रेलर से टकराने से हुई। पिकअप में सवार ये सभी लोग खाटू श्याम जी के दर्शन कर उत्तर प्रदेश के एटा जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर आपदा प्रबंधन मंत्री किरोडी लाल मीणा मौका स्थल पर पंहुचे। उन्होंने जिला अस्पताल जाकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि घायलों को राज्य सरकार हरसंभव सहायता देगी।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर करते हुए दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

00000

पाली के बाली में आज वीर दुर्गादास राठौड की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। दुर्गादास राठौड की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की जायेगी। साथ ही उनके  योगदान पर व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा, जिसमें उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जायेगी।

00000